**प्रेस विज्ञप्ति**

**राज भवन, राँची**

**दिनांक : 13 जून, 2025 :-**

(1) माननीय राज्यपाल श्री संतोष कुमार गंगवार से आज पुलिस अधीक्षक (नगर), राँची श्री अजीत कुमार एवं पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण), राँची श्री प्रवीण पुष्कर ने राज भवन में शिष्टाचार भेंट की। भेंट के क्रम में, राज्यपाल महोदय ने राँची जिले में विधि-व्यवस्था की स्थिति पर चर्चा करते हुए दोनों पदाधिकारियों को कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ एवं प्रभावी बनाए रखने हेतु निदेशित किया।

(2) माननीय राज्यपाल श्री संतोष कुमार गंगवार से आज अबुआ अधिकार मंच का एक शिष्टमंडल ने राज भवन में भेंट की तथा झारखण्ड राज्य में प्रतिबंधित मादक पदार्थों की खुलेआम बिक्री, इसके बढ़ते दुष्परिणाम एवं प्रशासनिक स्तर पर हो रही निष्क्रियता को लेकर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए एक ज्ञापन समर्पित किया।

शिष्टमंडल ने राज्यपाल महोदय को अवगत कराया कि कई मोहल्लों, बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन तथा शिक्षण संस्थानों के आसपास प्रतिबंधित मादक पदार्थों की बिक्री हो रही है, जिससे समाज विशेषकर युवाओं पर गंभीर दुष्प्रभाव पड़ रहा है।

राज्यपाल महोदय से शिष्टमंडल ने इस गंभीर समस्या पर संज्ञान लेते हुए शीघ्र एवं कठोर कार्रवाई करने हेतु पहल करने का आग्रह किया।

(3) माननीय राज्यपाल श्री संतोष कुमार गंगवार से आज राज भवन में आजसू पार्टी का एक शिष्टमंडल श्री संजय मेहता के नेतृत्व में भेंट कर राज्य में बिगड़ती कानून-व्यवस्था को लेकर एक ज्ञापन सौंपा।

शिष्टमंडल ने राज्यपाल महोदय को अवगत कराया कि वर्ष 2025 में अब तक राज्य में लगभग 400 लोगों की हत्या हो चुकी है, जो विधि-व्यवस्था की अत्यंत चिंताजनक स्थिति को दर्शाता है। उन्होंने हाल के दिनों में घटित विभिन्न हत्या की घटनाओं की ओर राज्यपाल महोदय का ध्यान आकृष्ट कराते हुए राज्य में व्याप्त असुरक्षा के वातावरण पर गहरी चिंता व्यक्त की।

---

(4) माननीय राज्यपाल श्री संतोष कुमार गंगवार से आज अखिल भारतीय वाल्मीकि महासभा, झारखण्ड प्रदेश का एक शिष्टमंडल राज भवन में भेंट कर समाज से जुड़ी विभिन्न समस्याओं से उन्हें अवगत कराया।

---